2 फरीदाबाद | 6 अभिमत | 9 देश/विदेश | 12 कसौटी

RNI NO. HARHIN/2018/75109

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




15 साल की लिंथोई ने रचा इतिहास भारत को पहला स्वर्ण दिलाया

पेज - 11

# 38वीं हरियाणा राज्य योगासन चैंपियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सेक्टर 3 स्थित** अग्रवाल पब्लिक स्कूल में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ एवं योगा एसोसिएशन फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि ज्योति कुमार छाबड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता एवं योगा फेडरेशन के लाइव टाइम चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल योगा फेडरेशन आफ इंडिया की प्रेसिडेंट इंदु अग्रवाल एवं अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के सचिव विजय सिंगला एवं प्रिंसिपल रचना भल्ला रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रों एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया कार्यक्रम में कुल छह आयु वर्गों में पूरे हरियाणा राज्य के लगभग 700 से अधिक खिलाड़ियों ने जूनियर एवं सीनियर वर्ग में भाग लिया। सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ज्योति कुमार छाबड़ा ने बच्चों को जीत का मंत्र देते हुए परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा दी एवं बच्चों को मानसिक शारीरिक आत्मिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए गुण बताए। डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता ने योग को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बताते हुए सभी को प्रेरणा दी कि वह अपने जीवन में योग जैसी अमूल्य विद्या को अपनाएंगे एवं अपने शरीर को निरोगी स्वस्थ बनाएंगे। डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलें एवं हार और जीत खेल का ही एक अंग है इसे जीवन में स्वीकार करते हुए आगे बढ़ें। हरियाणा स्टेट के प्रेसिडेंट अशोक कुमार अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर में हरियाणा को प्रेजेंट करने का अवसर प्राप्त होगा एवं योग को भारत सरकार ने कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट्स घोषित करते हुए योग खिलाड़ियों को एक उज्जवल भविष्य दिया उसके लिए सभी खिलाड़ियों को मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संजीव पाठक अरिंदम मित्रा प्रदीप कुमार श्याम आर्य सहित समस्त रैफरी ऑफिशियल अभिभावक गण एवं प्रतिभागी शामिल रहे।